# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in


पत्रांकः COE 615/DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / परीक्षा / 2021–22 दिनांकः– 7 जनवरी, 2022

## अस्थायी रूप से प्रोन्नति प्रदान किये गये विधि विभाग के पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की प्रोन्नति किये जाने हेतु
## ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में संचालित विधि विभाग के अन्तर्गत पाठ्यक्रम को छोड़कर संलग्न सूची में उल्लिखित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को जिनकों विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–289, दिनाँक 22 फरवरी, 2021 के द्वारा अगले सेमेस्टर में "इस शर्त के साथ अस्थायी रूप से प्रोन्नति प्रदान किये जाने पर विचार किया गया है कि वे समस्त परीक्षार्थी इस हेतु आयोजित बैक पेपर परीक्षा में प्रतिभाग करते हुए बैक पेपर परीक्षा को उत्तीर्ण करेंगे अन्यथा की स्थिति में 02 से अधिक प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों को नियमानुसार उनकी अस्थायी प्रोन्नति को निरस्त करते हुए उन्हें ईयर बैक की सुविधा प्रदान की जायेगी।" जो परीक्षार्थी इस हेतु आयोजित बैक पेपर परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेते हैं तो उनका प्रोन्नति से सम्बन्धित परीक्षा परिणाम पृथक से घोषित किया जायेगा। अस्थायी रूप से प्रोन्नति किये गये परीक्षार्थियों की पाठ्यक्रमवार सूची संलग्न है।

उक्त के क्रम में सशर्त आस्थायी प्रोन्नति प्रदान किये गये विधि विभाग को छोड़कर संलग्न सूची में उल्लिखित पाठ्यक्रमों के अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनको आगामी अधिसत्र में प्रोन्नति प्रदान किया जाना प्रस्तावित है इस हेतु उक्त पाठ्यक्रमों के लिये अर्ह विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित सशर्त अस्थायी प्रोन्नति प्रदान किये जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को आगामी अधिसत्र में प्रोन्नति हेतु अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन **आवेदन भरे जाने हेतु दिनाँक 07.01.2022 से दिनाँक 11.01.2022 तक तिथि निर्धारित की गयी हैं।** उक्त निर्धारित तिथि तक समस्त विद्यार्थी ऑन–लाइन आवेदन करते हुए आवेदन की हार्ड कापी सम्बन्धित विभाग / संस्थान में जमा करना सुनिश्चित करें तथा उसकी स्वहस्ताक्षरित एक प्रति अपने पास अवश्य सुरक्षित रखेंगे। ऑन–लाइन आवेदन हेतु निर्धारित तिथि 11.01.2022 को किसी भी दशा में विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। अतः प्रोन्नति हेतु आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।

2) इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित विद्यार्थी जो ऑन–लाइन आवेदन भर पाने में असमर्थ है वे अपने समस्त प्रपत्र (स्कैण्ड कापी में यथा–आवेदन–पत्र, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, फीस रसीद, एक फोटोग्राफ इत्यादि) **Mail ID- coe_exam2021@dsmnru.ac.in** पर प्रेषित कर सकते हैं अथवा ऑफ–लाइन आवेदन–पत्र की प्रति एकेडमिक ब्लाक–ए–2 के द्वितीय तल से सम्बद्ध परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के काउण्टर से प्राप्त करते हुए दिनाँक 11.01.2022 को अपराह्न 02:00 बजे तक समस्त वांछित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से जमा कर सकते हैं।

3) विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑन–लाइन प्रोन्नति हेतु आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

4) परीक्षार्थी को कोविड–19 वैक्सीन लगी है या नहीं इसका उल्लेख परीक्षा ऑनलाइन आवेदन में अवश्य करें।

5) ऑनलाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–7800006820** पर सम्पर्क करें।

6) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख / निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।

4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/परीक्षा/2021–22 दिनांकः– जनवरी, 2022

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. प्रोचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 12.01.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 12.01.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

07/01/22

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक